



## एक नज़र

### श्रीरामकथा के छठवें दिन श्री राम पहुंचे प्रयागराज

**हरदा** गुप्तेश्वर मंदिर में चल रही राम श्री राम कथा के छठवें दिन भगवान राम सीता सहित वन गमन करते हैं । वहां उनकी भेंट निषाद राज से होती है भगवान श्री राम के दर्शन पाकर निषाद राज और समस्त वनवासी अपने आप को धन्य पाते है। भगवान श्री राम के सीता और लक्ष्मण के साथ वन जाने पर महाराज दशरथ का विलाप और सुमंत का प्रभु को वन में छोड़कर जाने के पश्चात होने वाली मनोदशा का बड़ा ही मार्मिक वृतांत पंडित नंदलाल पांडे के मुखारविंद से कहा गया । जिसे सुनकर सुरता श्रोता भाव विभोर हो गए भगवान श्री राम लक्ष्मण और माता सीता को वन में देखकर वनवासी जहां एक और प्रसन्न हो रहा है । वहीं दूसरी ओर यह जानने के बाद कि वह अयोध्या के राजकुमार और रानी है तो दुखी भी हो रहे हैं । भगवान श्री राम के रहने के लिए वनवासी अपने-अपने हिसाब से व्यवस्था कर रहे हैं । उनके भोजन के लिए कंदमूल फल की व्यवस्था कर रहे हैं । जिसका वर्णन बड़े ही सुंदर तरीके से कथावाचक द्वारा सुनाया गया। प्रभु भगवान श्री राम, सीता मैया और लक्ष्मण सहित आज प्रयागराज के तट पर पहुंच रहे । जहां से आगे जाने के लिए वह कल प्रस्थान करेंगे समिति से जुड़े अनिल वैद्य ने बताया प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ श्री राम कथा सुनने के लिए उमड़ रही है और भक्ति रस का आनंद ले रहे है ।

### सांसद ने सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया

**नर्मदापुरम** सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी एवं सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा ने ग्राम मिसरोद, सिवनी मालवा में श्री देवकीनंदन गौर के घर से दुबे के घर तक बनने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए यह सड़क ग्राम विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

# नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम


### होमगार्ड विभाग के जवानों के परिवार के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/06,दिसम्बर** होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह 06 दिसम्बर 2025 को होमगार्ड लाइन नर्मदापुरम में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति माया नारोलिया राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि श्रीमति नीतू महेन्द्र यादव अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम एवं सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट श्री महेश हनोतिया रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी, परेड कमांडर श्रीमति अमृता दीक्षित प्लाटून कमांडर द्वारा दी गई। डायरेक्टर जनरल होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मध्यप्रदेश के संदेश का वाचन किया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा गृहमंत्री भारत सरकार के संदेश का वाचन एवं अपने उदबोधन में बाढ आपदा राहत एवं बचाव ड्युटी, चुनाव ड्युटी, कानून व्यवस्था, नागद्वारी मेला, धार्मिक त्यौहार जैसी महत्वपूर्ण ड्युटी करने के फलस्वरूप होमगार्ड जवानों की सराहना की गई। इस असवर पर होमगार्ड विभाग के जवानों के परिवार के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं बैंक से सम्मानित किया गया। वर्ष के दौरान बाढ आपदा राहत एवं बचाव कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड / एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेंस के वालिन्टियरों को प्रशस्ति पत्र से पुरुस्कृत किया गया। एसडीईआरएफ द्वारा लगाई गई बाढ आपदा उपकरणों एवं एयर लिफ्टिंग बैग आदि की प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात होमगार्ड / एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेंस के सदस्यों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत मटकी फोड प्रतियोगिता, रस्साकसी प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड का आयोजन किया गया एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एकल एवं समूह डांस की मनमोहक प्रस्तुति पेश की गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, अधिकारी / कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, पार्षद, पत्रकार बंधुओं, एनसीसी की बालिकाएँ, सिविल डिफेंस के वालिन्टियर एवं होमगार्ड विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं होमगार्ड के जवान एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति आरती शर्मा द्वारा किया गया। आभार श्री ओमप्रकाश रघुवंशी ए.एस.आई.एम होमगार्ड नर्मदापुरम द्वारा किया गया।

# अकबर बादशाह के नौ रत्नों में से एक मुल्ला दो प्याजा की मज़ार



**नव भारत न्यूज**
**हण्डिया 06 दिसम्बर** जिले कि हण्डिया तहसील में नर्मदा के किनारे स्थित है,अकबर बादशाह के नो रत्नों में से एक मुल्ला दो प्याजा की मज़ार! इनका असली नाम था अब्दुल हसन...... हुमायूं ने जब दिल्ली फतह की थी। तब मुल्ला दो प्यारा बहुत छोटे थे. हण्डिया के नर्मदा तट पर पीढ़ियों से मुल्ला दो प्याजा की मज़ार कि देखरेख व सेवा चाकरी में लगा हुआ है। हाकम अली का परिवार खिदमत के रूप में उन्हें सेवा के बदले अग्रेजो के शासन काल में मिलते थे 42 रु09 आने,की राशि ! वह भी आना बंद हो गई !आज यह परिवार स्वयं के खर्च पर मुल्ला दो प्यादा की मज़ार पे चिराग रोशन कर उनकी याद में ताजिये बनाते हैं. ईरान से भारत आये हुमायूं- के साथ अब्दुल हसन दिल्ली आ गए और हसन मस्जिद के इमाम वन गए! वह चाहते थे कि उनको भी अकबर बादशाह के दरबार में नवरत्नों में शामिल किया जाये अकबर ने उन्हें अपने शाही मुर्गी खाने व पुस्तकालय का प्रभारी बना दिया.अल्लाह का कुछ ऐसा करम हुआ वह दिल्ली से भ्रमण पर निकल गए और अपने लाव लश्कर के साथ हंडिया आ गए यहां उनका इंतकाल हो गया आज इनकी मजार भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं.

**अकबर बादशाह के नौ रत्नों में से एक थे मुल्ला दो प्याजा, नाम था अब्दुल हसन**
(1)हण्डिया के नर्मदा तट पर है मुल्ला दो प्याजा की मजार (2) 3-4 पीढ़ियों से मुल्ला दो प्याजा की मज़ार की, सेवा चाकरी में लगा हुआ है अली शाह का परिवार. (3) अंग्रेजों की सरकार के समय दरगाह की. खिदमत कि एवज में परिवार को मिलते थे 42 रूपये 9 आने मुजावरो को सेवा के वह भी अब बंद हो गये हैं। (4) आज अली परिवार चन्दा करके मुल्ला दो प्यारा की दरगाह कि साज सवाल कर रहा है।

# सांसद, विधायक ने किया शाला भवन का भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/06दिसम्बर,2025** / नर्मदापुरम सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने शनिवार 06 दिसम्बर को ग्राम कोठरा, सिवनी मालवा में प्राथमिक शाला भवन के निर्माण कार्य का सिवनीमालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा के साथ भूमि पूजन किया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री डॉ मोहन यादव के 'शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने का यह प्रयास, गाँव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई शुरुआत करेगा। उन्होने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कराने हेतु सभी से आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमति रेणुका मृगेंद्र मंडलोई, श्री योगेन्द्र राजपूत, श्री वरुण पटेल, श्री अजीत मंडलोई, श्री जितेंद्र चौहान, ग्राम सरपंच पवन रघुवंशी एवं समस्त जनप्रतिनिधि-कार्यकर्तागण तथा ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

**नर्मदापुरम** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनीमालवा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम मैच को देखकर खिलाड़ियों की ऊर्जा, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रितेश जैन, जनपद अध्यक्ष श्रीमति रेणुका मृगेंद्र मंडलोई, श्री राजेंद्र पालीवाल, श्री योगेन्द्र राजपूत, श्री वीरेंद्र मिश्रा, श्री वरुण पटेल, श्री अजीत मंडलोई और श्री जितेंद्र चौहान आदि उपस्थित थे.

### नशाविरोधी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरदा** बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर तथा रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा नशामुक्ति कार्यशाला हुई संस्था के डायरेक्टर डॉ. विशाल सिंह बघेल ने द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल में किशोर विद्यार्थियों से नशामुक्ति पर चर्चा की।

# दो बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट की तारीखों को दिया अंतिम रूप



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 06 दिसम्बर 2025** इटारसी क्रिकेट संघ ने पत्रकार भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट की तारीखों को अंतिम रूप दे दिया है। संघ के सभी सदस्यों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया कि खिलाड़ियों को लगातार अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**पहला टूर्नामेंट, चाणक्य क्रिकेट टूर्नामेंट** - वरिष्ठ खिलाड़ियों और संघ के सदस्यों की सहमति से यह तय किया गया है कि चाणक्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक किया जाएगा। चूंकि जनवरी के पहले सप्ताह में गांधी ग्राउंड में अन्य टूर्नामेंट भी प्रस्तावित हैं, इसलिए चाणक्य टूर्नामेंट को इस समय सीमा में पूरा करने का निर्णय लिया गया है।

**दूसरा टूर्नामेंट, अंडर-15 लेदर बॉल क्रिकेट** - युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अंडर-15 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 जनवरी से 25 जनवरी के बीच किया जाएगा। यह टूर्नामेंट इटारसी में क्रिकेट के भविष्य को मजबूती देगा। अंडर-15 के सभी मैच एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल मैदान में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में बाहर के शहरों से आने वाली टीमों के लिए इटारसी क्रिकेट संघ द्वारा एक तरफ का किराया (फेयर) और रुकने तथा खाने की सभी व्यवस्था की जाएगी। अभी तक इस टूर्नामेंट के लिए इंदौर, भोपाल, बैतूल, बानापुरा और नागपुर की टीमों ने अपनी सहमति दे दी है। बैठक में वरिष्ठ खिलाड़ी उमेश द्विवेदी, अनिल राठी, जितेंद्र ओझा, सुनील औरंगाबाद, कुलभूषण मिश्रा, अतुल राठौर, राकेश पांडेय, क्रिकेट कोच राजीव दुबे, क्रिकेट संघ के सचिव अमित जायसवाल और संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी आदि शामिल थे।

# सेमेरिटंस में एनसीसी डे पर विविध आयोजन हुए




**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 06 दिसम्बर** 13/05 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल में शनिवार को कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के दिशानिर्देश में सूबेदार मेजर वीसी तिलक के मुख्य आतिथ्य में एनसीसी डे पर विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई। अतिथियों ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व कैडेट्स सिद्धि सिंह ने किया। उनके पीछे भारतीय ध्वज लिए थल सेना कैंप करके लौटे केडिट्स लक्ष्य भार्गव, सार्जेंट देवांश दीवान, निहाल अहिरवार, पूर्वा दीवान, पूर्वी यादव, प्रीत दुबे कमांडर की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपस्थित अतिथियों ने स्कूल के राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले कैडेट्स का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सीपीएल वेदज्ञ भूषण शर्मा, मरियम इरफान ने किया। कार्यक्रम में 13 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार राकेश कुमार, 5 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार संजय पाटिल, जिसीआई स्टाफ आकांक्षा भी शामिल थी।



# बाबा साहेब को परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी, 06 दिसम्बर** शनिवार शाम को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर बनखेड़ी नगर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। नगर के मस्जिद चौराहा स्थित बाबा साहेब की छाया चित्र पर उनके अनुयायियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अमान सिंह राठौर, एकम सिंह, राजू टिकैत, लेखराम गोलिये तथा नगर परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी सहित वक्ताओं ने बाबा साहेब के महान योगदान को याद करते हुए कहा कि 6 दिसंबर 1956 को हुए परिनिर्वाण के बाद भी बाबा साहेब समाज में समानता, न्याय और शिक्षा की अलख जलाते हुए करोड़ों लोगों के प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के माध्यम से दलित, पिछड़ों एवं वंचित वर्गों को उनका हक और सम्मान दिलाने का जो ऐतिहासिक कार्य बाबा साहेब ने किया, वह युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा।

### खेती को बढावा देना क्रांतिकारी कदम

**नर्मदापुरम** सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी द्वारा प्रस्तुत विधेयक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रांतिकारी कदम है, जिसमें कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करेगी जो सामान्य खेती के लिए निर्धारित मूल्य के दोगुने से कम नहीं होगा।

### मतदाताओं के नाम का सत्यापन जारी

**पिपरिया** एसआईआर का कार्य एएसडीडी में जिन मतदाताओं के नाम चले गये है उन मतदाताओं का डोर टू डोर सत्यापन का कार्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। एसडीएम आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी के निर्देशन में नायब तहसीलदार मनोज नामदेव ने सुपर वाइजर हरदास सिसोदिया,बीएलओ अशोक कुमार राय, ग्राम पंचायत सचिव,पटवारी की उपस्थिति में घर घर पहुंचकर पंचायतो में बैठकर सूची का सत्यापन किया.

# पिकलबॉल एसोसिएशन का गठन

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 06 दिसम्बर 2025** नर्मदापुरम जिले में पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए आज ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी स्थित पिकलबॉल कोर्ट में सर्वसम्मति से नर्मदापुरम पिकलबॉल एसोसिएशन का गठन किया। एसोसिएशन में खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी, उपाध्यक्ष गोल्डी मौलासरिया, विपिन चांडक, विकास जुनेजा, अंशुल मिश्रा, सचिव अजय दवे, कोषाध्यक्ष वरुण चीजवानी, सह-सचिव हिमांशु सोनी, तरुण रायचंदानी बनाये गये। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित दिनेश गोठी, बीएस चौहान, राकेश दुबे, और अजय पांडे ने संरक्षक गण की जिम्मेदारी ग्रहण की। गठन के समय अंश दवे, राहुल, सजल गोठी, शुभांशी मौलासरिया, इष्टदीप सिंह, नवीन नवलानी, यशराज सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

**गठित एसोसिएशन में खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।**

# गौवंश से भरी दो पिकअप वाहन को महाशक्ति संघ ने पकड़ा



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 06 दिसम्बर** गौवंश तस्करी के बदलते तरीकों के बीच, गौसेवकों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। इटारसी के कांदई ग्राम के पास से अवैध रूप से गौवंश भरकर ले जाई जा रही दो पिकअप वाहनों को हिन्दू महाशक्ति संघ के जिला ग्रामीण अध्यक्ष भीम यादव और कांदई ग्राम सरपंच की मुस्तैदी से पकड़ा गया। इन वाहनों से करीब 15 से 16 गौमाताओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। मध्य प्रदेश सरकार ने गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए हाल ही में मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसे गौवंश संवर्धन और सुरक्षा कानून के नाम से भी जाना जाता है। गौ तस्करी करते पकड़े जाने वाले आरोपी के लिए 7 साल तक की कड़ी जेल की सजा का प्रावधान है। तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को भी राजसात (जब्त) करने का सख्त प्रावधान है। इस कानून के तहत लिप्त पाए जाने वाले आरोपी सिर्फ कलेक्टर कोर्ट में ही अपनी याचिका लगा सकेगा। गौ तस्करी से संबंधित अपराध को संज्ञेय और गैर-जमानती माना गया है।

### गौसेवकों की मुस्तैदी ने बदली तस्करी की राह

मुख्य सडक़ों पर सख्ती बढने के बाद गौवंश तस्करों ने अब गांवों और जंगल के रास्ते छिपकर तस्करी शुरू कर दी है।इसी कारण गौरक्षक टीम और गांव के लोग इन रास्तों पर लगातार कड़ी नजर रखे हुए थे।हिन्दू महाशक्ति संघ की इस मुस्तैदी के कारण ही यह बड़ी तस्करी पकड़ी जा सकी, जिसने साबित कर दिया कि गौसेवकों की चौकसी अब हर जगह बढ़ गई है।

**होमगार्ड स्थापना दिवस** | **सांस्कृतिक कार्यक्रम में होमगार्ड जवान एवं उनके परिवार के बच्चों ने लिया भाग**

# प्लाटून सिविल डिफेंस द्वारा मार्च पास्ट कर दी सलामी



**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 06 दिसम्बर 2025** होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन शनिवार को होमगार्ड कार्यालय परिसर मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक शंशाक तथा विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने का ए.एस.आई. उमेश खले ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। परेड कमाण्डर शिवराज चौधरी प्लाटून कमाण्डर द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। कार्यक्रम में होमगार्ड बल के दो प्लाटून तथा एक प्लाटून सिविल डिफेन्स द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रथम प्लाटून का नेतृत्व हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर, द्वितीय प्लाटून का नेतृत्व संतोष ओझा सैनिक एवं तृतीय सिविल डिफेन्स प्लाटून का नेतृत्व प्रेमेन्द्र साकल्ले द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अधिकारी कर्मचारी व जवानों के मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्यालय से प्रदाय प्रशसित पत्र एवं पुरुस्कार राशि के चेक वितरित किये गये। इस दौरान अतिथियों द्वारा आपदा प्रबंधन प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, जवान, सिविल डिफेन्स व उनके परिवार के सदस्यों ने खेलकुद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान रस्साकसी, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ जैसे खेलों का आयोजन किया गया। रस्साकसी मे सिविल डिफेन्स के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में होमगार्ड जवान एवं उनके परिवार के बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला आस्था सेवा समिति हरदा के तत्वाधान में नि :शुल्क विशाल नेत्र शिविर आज

**हरदा** महिला आस्था सेवा समिति हरदा के तत्वाधान में नि:शुल्क विशाल नेत्र शिविर आज दिनांक 07 दिसम्बर रविवार समय- प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक अग्रसेन पेलेस ज्योति प्रेस के साईड में हरदा रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी ऊषा गोयल ने बताया कि इसमें डॉ. भरत यादव नेत्र रोग विशेषज्ञ M.B.B.S., M.S.FAS. एवं डॉ. प्रमोद भूमरकर नेत्र रोग विशेषज्ञ M.B.B.S. , M.S. फैको नेत्र सर्जन एवं गैस प्रत्यारोपण विशेषज्ञ (शंकर मंत्रालय, परिक्षित) अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि आंखों की नि:शुल्क जांच करने के बाद यदि मोतियाबिंद पाया जाता है तो अस्पताल हरदा एवं मिशय नेत्रालय, शिवम वाटिका कालोनी, हरदा में आपरेशन होगा।

### नर्मदापुरम को पहली पारी में मिली बढ़त

**नर्मदापुरम** नर्मदापुरम के एमपीसीए ग्राउंड पर आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में हरदा ने नर्मदा पुरम को हराया। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव श्री प्रदीप तोमर ने बताया कि हरदा ने पहली पारी में 243 रन बनाए जवाब में नर्मदापुरम की टीम 142 रनों पर सिमट गई। जिसमें हरदा की ओर से अमन राजपूत और दिगम्बर ने 4-4 विकेट लिए एक विकेट जोऐब को मिला।पहली पारी में 101 रनों की बढ़त के आगे खेलते हुए हरदा दूसरी पारी में 93 रन पर ऑल आउट हो गई।नर्मदापुरम के गेंदबाज हिमांशु शिंदे ने 4 विकेट, गौतम रघुवंशी ने 3 विकेट, कार्तिक राजोरिया 2 विकेट और रित्विक को 1 विकेट हासिल हुआ।नर्मदापुरम को 195 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिन के निर्धारित ओवर में नर्मदापुरम की टीम ने दिन की समाप्ति पर 181 रन 9 विकेट खोकर बना सकी।